हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

08 अक्तूबर 2024, समय 1810

- भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में बड़ी जीत दर्ज की। अभी तक घोषित 77 सेटों में 41 पर बीजेपी,31 पर कांग्रेस, 2 पर इंडियन नेशनल लोकदल ने जेट दर्ज की। निर्दलीय उम्मीदवारों को 5 सीटें मिलीं।
- कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा, श्रुति चौधरी आदित्य सुरजेवाला ने जीत दर्ज की। ऐलनाबाद से अभय सिंह चौटाला चुनाव हारे।
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव कुमारी सैलजा ने पार्टी की हर स्वीकार की। कहा -: नतीजे निराशाजनक रहें।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और हरयाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारतीय जनता पार्टी की जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत बताया।

*******************************************************

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत की और बढ़ रही हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस पार्टी जो लगातार बड़ी जीत का दावा कर रही थी, लगभग 35 सीटों पर सिमट कर रह गई है। अभी तक 31 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत की घोषणा हुई है। जबकि 41

सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुकें हैं। बीजेपी को 49 के करीब सीटें मिल सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस को 4 सीटें अधिक मिल रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी की सीटों में भी इज़ाफा हुआ है। बी.जे.पी को गत चुनाव के मुकाबले लगभग 9 सीटें अधिक मिल रही हैं। जबकि क्षेत्रीय दल और निर्दलीय उम्मीदवार.....सीटें ही हासिल कर सके हैं। इंडियन नेशनल लोकदल को 2 .सीटें मिली हैं जबकि 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे।निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, कालका से भारतीय जनता पार्टी की शक्ति रानी शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को 10 हज़ार,883 मतों से हराया जबकि लाडवा से कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार, 54 मतों से शिकस्त दी। वहीं रादौर से बी.जे.पी के श्याम सिंह राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी बिशन लाल सैनी को 13 हजार 132 वोटों के अंतर से हराया। बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण लाल पवार ने इसराना से कांग्रेस के बलबीर सिंह बाल्मिकी को 13 हजार 895 मतों से मात दी। वहीं हांसी से बीजेपी उम्मीदवार विनोद भयाना ने कांग्रेस से अपने प्रतिद्वंदी को 21 हजार 460 मतों से शिकस्त दी। बरवाला से बीजेपी के रणबीर गंगवा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के रामनिवास घोड़ेला को 26 हज़ार, 942 मतों के अंतर से हराया।

दादरी से बी.जे.पी के सुनील सतपाल सांगवान ने कांग्रेस प्रत्याशी मनीषा सांगवान को 1957 वोटों से हरा कर जीत दर्ज की। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी भी तोशाम सीट जीत गई हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी से 14 हज़ार, 257 अधिक वोट हासिल किए।भिवानी और बादशाहपुर सीट भी बी.जे.पी के खाते में गई है। भिवानी से घनश्याम

सर्राफ ने कांग्रेस समर्थित कम्युनिस्ट पार्टियों के उम्मीदवार ओम प्रकाश को 32 हज़ार, 414 वोटों के अंतर से और बादशाहपुर से राव नरबीर सिंह ने कांग्रेस के वरदान यादव को 60 हज़ार, 705 मतों से शिकस्त दी।वहीं गुरुग्राम से बीजेपी के मुकेश शर्मा, पलवल से गौरव गौतम, फरीदाबाद एन.आई.टी से सतीश कुमार फागना और फरीदाबाद से विपुल गोयल ने अपनी सीट जीत ली है।जींद सीट से बी.जे.पी के डॉ० कृष्ण लाल मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15 हज़ार, 860 मतों के अंतर से हराया। सफीदों से बीजेपी उम्मीदवार राम कुमार गौतम और नरवाना से कृष्ण कुमार विजयी रहे। सोनीपत और गोहाना सीट भी बी.जे.पी की झोली में गई है। सोनीपत से निखिल मदान ने कांग्रेस के सुरेंद्र पंवार को 29 हज़ार, 627 और गोहाना से बीजेपी के अरविंद कुमार शर्मा ने कांग्रेस के जगबीर सिंह मलिक को 10 हज़ार,429 मतों के अंतर से शिकस्त दी।वहीं खरखौदा से बीजेपी के पवन खरखौदा, राई से बीजेपी उम्मीदवार कृष्णा गहलावत, पुंडरी से सतपाल जांबा और रादौर से श्याम सिंह राणा ने जीत दर्ज की है। इसी तरह घरौंडा से बीजेपी प्रत्याशी हरविंदर कल्याण कांग्रेस के वरिंदर सिंह राठौर को 4 हज़ार, 531 मतों से हराकर विजयी रहे हैं तो समालखा से बीजेपी उम्मीदवार मनमोहन भड़ाना ने कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह छोकर को 19 हजार 315 मतों के अंतर से हराया है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गढ़ी सांपला किलोई सीट जीत ली है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी मंजू हुड्डा को 71 हजार, 465 मतों से शिकस्त दी है। कांग्रेस के मामन खान ने फिरोजपुर झिरका सीट से अपने बीजेपी प्रतिद्वंदी नसीम अहमद को 98 हजार 441 मतों से हराया तो पुनहाना सीट पर मुहम्मद इलियास 31 हज़ार 916 मतों के अंतर से विजयी रहे।नूंह से कांग्रेस के आफताब अहमद ने 46 हजार, 963 मतों के अंतर से

जीत दर्ज की। पहलवान से नेता बनी विनेश फोगाट ने 6 हजार, 15 मतों के अंतर से जुलाना सीट जीत ली है। उन्होंने बी.जे.पी के योगेश कुमार को हराया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी कैथल सीट जीतने में सफल रहे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के लीला राम गुर्जर को 8 हजार, 124 मतों से हराया है। लोहारू से कांग्रेस उम्मीदवार राजबीर फरतिया, उकलाना से नरेश सेलवाल, सिरसा से गोकुल सेतिया ने जीत दर्ज की है।ऐलनाबाद से अभय सिंह चौटाला चुनाव हार गए हैं। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी भारत सिंह बेनीवाल ने 15 हजार मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। महम सीट कांग्रेस उम्मीदवार बलराम दांगी ने 18 हजार, 60 वोटों के अंतर से जीती है। उन्होंने हरियाणा जनसेवक पार्टी के प्रत्याशी बलराज कुंडू को शिकस्त दी है।

टोहाना से परमवीर सिंह, रतिया से जरनैल सिंह और कालांवली से शीशपाल केहरवाला ने जीत दर्ज की है। यह तीनों सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। थानेसर सीट कांग्रेस प्रत्याशी अशोक कुमार अरोड़ा ने जीती है। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी सुभाष सुधा को 3 हज़ार,243 मतों से हराकर यह सीट जीती है। बरौदा, पिहोवा और शाहबाद सीट भी कांग्रेस को गई है। बरौदा से इंदुराज सिंह नरवाल, पिहोवा से मनदीप चट्टा जीते हैं वहीं अंबाला शहर की सीट निर्मल सिंह वोहरा और नारायगगढ़ से शैली चौधरी विजयी रहे हैं। पानीपत ग्रामीण से महीपाल □ांडा पानीपत शहर से प्रमोद कुमार विज चुनाव जीत गए हैं। दोनों सीट बीजेपी की खाते में गए है। नारनौल से बीजेपी प्रत्याशी और पूर्व मंत्री अजय सिंह यादव विजयी रहे है। महेंद्रगढ़ सीट से कंवर सिंह ने जीत दर्ज की है। यह सीट

भी बीजेपी ने जीती है पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला छावनी से बीजेपी प्रत्याशी अनिल विज भी जीत गए हैं। वह सांतवी बार यह सीट जीते है।

*******************************************************

******************* अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि नतीजे निराशाजनक रहे हैं। उन्होंने हार स्वीकार करते हुए कहा कि एक बार नए सिरे से सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंतिम परिणाम आने के बाद अवलोकन किया जायेगा कि चुनाव लड़ने में क्या कमियां रहीं! सुश्री सैलजा ने कहा कि हाईकमान को हार की वजह का पता लगाना चाहिए। एक निजी चैनल से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि वो भी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थी।

*******************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा ने कहा है कि चुनाव परिणामों ने चौका दिया है। रोहतक में आज पत्रकारों से बात करते हुए भूपेंद्र सिंह हूडा ने कांग्रेस की हर स्वीकार करते हुए परिणामों पर आश्चर्य भी व्यक्त किया। श्री हूडा ने लोगों द्वारा दिए गए नतीजों को कुबूल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कुछ सीटें बहुत ही काम अंतर से हारी हैं।

*******************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत को सर्व समाज को जीत बताया है।आकाशवाणी संवाददाता से बातचीत में श्री बड़ौली ने कहा कि

उन्होंने कहा कि आज की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीतियों और प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जीत है।

*******************************************************

केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को खारिज कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने यह संदेश दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का राज्य की जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह हरियाणा में एक रिकॉर्ड है कि कोई पार्टी तीसरी बार सत्ता में आई है।